अवध में राम आये हैं | by Suren Namdev

श्री राम आये हैं
अवध में राम आये हैं

आओ मिल के पलके बिछाएं
नाचे गायें भंगड़े पाएं
भागवान आएं हैं
श्री राम आये हैं
अवध में राम आये हैं

सारे जग में आज ख़ुशी का
डंका देखो बज रहा है
घर घर में गुलाल उड़े है
जयकारा भी लग रहा है
प्रेम का दिया सारे जलाओ
जमके खुशियां आज मनाओ
भागवान आएं हैं
श्री राम आये हैं
अवध में राम आये हैं

अयोध्या नगरी को हम भी तो
कोटि कोटि नमन करें
पावन जल से पग पखारें
तिलक से अभिनन्दन करें
सारी गलियां हो गई रोशन
महक रहा है जैसे चन्दन
भागवान आएं हैं
श्री राम आये हैं
अवध में राम आये हैं

साधु संतो का देश हमारा
अमन चैन का तारा है
चारों तरफ है महके गुलशन
खूबसूरत नज़ारा है
प्यार की गंगा बहाते रहो
सबको गले लगाते रहो
भागवान आएं हैं
श्री राम आये हैं
अवध में राम आये हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%b5%e0%a4%a7-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-suren-namdev/